दिनांकः 22.03.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चस्तरीय बैठक कर देश में पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों से संबंधित स्थिति की समीक्षा की।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विश्व जल दिवस के मौके पर पानी बर्बाद नही करने और आने वाली पीढियों के लिए सहेजने का आहवान किया।
- प्रदेश में जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण के लिए शिक्षा मंत्रालय ने 300 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।

और

- राज्य में आंधी बारिश की गतिविधियों से तापमान में 2 से 8 डिग्री तक की गिरावट।

000

पश्चिम ऐशिया में जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक उच्च स्तरीय बठैक बुलाई। इस दौरान देश में पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस और ऊर्जा तथा उर्वरक अपूर्ति से जुड़ी स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें देशभर में ज़रूरी चीजों की निर्बाध अपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई मंत्रियों ने हिस्सा लिया। केन्द्र सरकार उपभोक्ताओं और उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए वैश्विक घटनाक्रम पर लगातार निगरानी रखे हुए है।

इस बीच प्रदेश में रसोई गैस सिलेण्डर सामान्य रूप से उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाये जा रहे है। सभी ज़िलों मे प्रशासन की ओर से सर्तकता दल एल.पी.जी. कालाबाजारी और अवैध भण्डारण पर कडी नज़र रख रहे है। इसी कड़ी में कोटपूतली बहरोड़ के ज़िला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य है और इसका पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से पैनिक होकर अनावश्यक बुकिंग नही करने की अपील की है।

------------------

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर संयुक्त रूप से 8 हजार 931 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

श्री मोदी के नाम सबसे अधिक समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहने और प्रधानमंत्री बनने से पहले सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री होने का रिकार्ड शामिल है। श्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म आज़ादी के बाद हुआ और लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। श्री मोदी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर–कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। वहीं इस वर्ष फरवरी में सोशल मीडिया साइट **इंस्टाग्राम** पर श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो गई है जो दुनिया के किसी भी सेवारत राजनेता से कहीं अधिक है।

000

विश्व जल दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नागरिकों से पानी की हर बूंद के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने सतत विकास में लगे हुए, जागरूकता फैलाने और जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले लोगों की सराहना भी की। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने जल महोत्सव 2026 के समापन कार्यक्रम और 'सुजल ग्राम संवाद' के माध्यम से देशभर से जुड़े सहभागियों के साथ संवाद किया। उन्होंने जल जीवन मिशन **2.0** की गाइडलाइन्स का भी विमोचन किया। इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विश्व जल दिवस के अवसर पर पानी बर्बाद नहीं करने और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजेने का आवाह्न किया है। विश्वजल दिवस के मौके पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रम भी रखे गये। सरहदी ज़िले जैसलमेर में भूवाड़ा धनाना और हमीरों की बस्ती सहित अनेक स्थानों पर जल जागरूकता कार्यक्रम रखे गये।

उधर अजमेर में जवाज़ा की पाल पर जल संसाधन विभाग की ओर से कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने जल स्त्रोत के संरक्षण का संकल्प लिया।

000

ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि बिजली एक मूलभूत आवश्यकता है और आम आदमी तक सस्ती बिजली की पहुंच सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित **भारत विद्युत शिखर सम्मेलन 2026** के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सौभाग्य योजना और पीएम सूर्य घर जैसी योजनाओं के माध्यम से अब देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक बिजली पहुंच चुकी है, जिनमें सीमावर्ती इलाके भी शामिल हैं।

---------------------

000

कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी कल 7वें चरण की खनिज ब्लॉक नीलामी की शुरुआत करेंगे। इनमें राजस्थान सहित कई राज्यों के 19 ब्लॉक शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य देश की खनिज सुरक्षा को मजबूत करना और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करना है। खान मंत्रालय ने बताया कि यह नीलामी ऑनलाइन होंगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी 300 करोड़ रुपये की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत आधारभूत संरचना का निर्माण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रत्येक विद्यार्थी को सुरक्षित, आधुनिक और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण देने के लिए सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के इस सहयोग से प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान पर संज्ञान लिया है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को सर्वे करवाकर जल्द रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की हर परिस्थिति में सहायता के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की पीड़ा सरकार की पीड़ा है। राजस्थान की समृद्धि का आधार अन्नदाता है। और संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है।

000

प्रदेश में जहां मार्च की शुरूआत के साथ ही गर्मी का असर बढने लगा था वहीं अब बादल, बारिश और ठण्डी हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी है। प्रदेश में सक्रिय हुए नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर में तेज़ हवाओं के साथ पानी बरसा। वहीं मौसम विभाग ने आज बीकानेर, सीकर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, डीग और झुन्झुनू सहित दस ज़िलों के लिए बरसात का यलो अलर्ट बताया है। साथ ही इन इलाकों में तेज़ रफ्तार से हवाएं चलने और कही–कही बिजली गिरने की भी संभावना जतायी गयी है। इस बीच बीते 24 घंटों में अनेक स्थानों पर हुई बारिश ने मौसम का मिजाज़ बदल दिया है। वहीं कई स्थानों पर खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। कही–कहीं हुई फुहार और हल्की से मध्यम बरसात से तापमान मे गिरावट आयी है। अधिकतर स्थानों पर पारा सामान्य से 2 से 8 डिग्री नीचे मापा जा रहा है।

000

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा आज कोटा प्रवास पर रहे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा सरकार पंचायत चुनावों के लिए 6 महीने पहले ही पूरी तैयार कर चुकी है।

उन्होंने कहा की चुनावों की तारीख का ऐलान अब उच्च न्यायालय और चुनाव आयोग पर निर्भर करता है।

----------------------

श्री खर्रा ने यह भी बताया कि कोटा रिवर फ्रन्ट को वेडिंग डेस्टीनेशन के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास किये जायेंगे।

----------------------

000

प्रदेश के मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने आज कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोट के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। कोटा कलेक्टर सभागार में अधिकारियों के साथ हुई बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि यह हवाई अड्डा हड़ौती क्षेत्र के पर्यटन विकास और अर्थव्यवस्था के लिए काफी अहम है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से उदयपुर से कोटा और कोटा से भरतपुर के बीच संपर्क की स्थिति की भी जानकारी ली और इसे बेहतर बनाने के लिए और प्रयास करने को कहा। इसके बाद मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट को तय समय सीमा में पूरा करना आवश्यक है।

----------------------

000

चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन आज मॉ दुर्गा के कूष्माण्डा स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इनकी आराधना से रोग–शोक दूर होकर स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। कल स्कन्द माता की आराधना की जायेगी। नवरात्रा पर्व पर मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है।

भारत–पाक सीमा पर स्थित जैसलमेर के तनोट माता मंदिर ने देश के कौने–कौने से श्रद्वालु दर्शन के लिए पहुंच रहे है। वहीं लोक पर्व गणगौर के दूसरे दिन आज राजधानी जयपुर में बूढ़ी गणगौर माता की सवारी निकाली जा रही है। सिटी पैलेस की जनानी ढ्योडी से शुरू हुई इस सवारी में शाही लवाज़मा, सजे धजे ऊंट घोड़े और लोक कलाकार हिस्सा ले रहे है।

----------------------

000